दिन– सोमवार

दिनांक– 06 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में अब हर महीने के दूसरे मंगलवार को पटना में लगेगा राज्य स्तरीय सहयोग शिविर। चौदह जुलाई से होगी शुरुआत।

02. पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू। राजद ने रेखा गुप्ता को बनाया उम्मीदवार।

03. राज्य सरकार ने सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर से सालाना बारह सौ रुपये कर वसूली के प्रस्ताव पर जताई आपत्ति।

04. और, मौसम विभाग ने कल कटिहार, किशनगंज बांका, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

राज्य सरकार अब आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर आयोजित करेगी। इसकी शुरुआत चौदह जुलाई से मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर स्थित संवाद भवन में होगी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

यह विशेष शिविर उन आवेदकों के लिए होगा, जो जिला स्तर पर आयोजित सहयोग कार्यक्रम में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समाधान से संतुष्ट नहीं हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पिछले दिनों बोधगया में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि वे स्वयं के स्तर से चयनित आवेदकों की शिकायतों की समीक्षा करेंगे।

–––बाइट–––सम्राट चौधरी–

राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के लिए आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकेगा। आवेदक अपने पहले से दर्ज आवेदन के रेफरेंस नंबर और मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी सत्यापन कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। चयनित आवेदकों को शिविर की तिथि, समय और अन्य आवश्यक जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। अधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर एक एक शून्य शून्य के माध्यम से ली जा सकती है। समाचार कक्ष से निधि श्री।

---

पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाइट———

बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए प्रत्याशी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। चौदह जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि सोलह जुलाई है। मतदान तीस जुलाई को होगा। वहीं, मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने रेखा गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने आज पटना में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। संवाददाताओं से बातचीत में रेखा गुप्ता ने उम्मीद जताई कि इसबार उन्हें बांकीपुर की जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

———बाइट———

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में भी राजद ने रेखा गुप्ता को ही उम्मीदवार बनाया था। इस चुनाव में उन्हें छियालीस हजार से अधिक मत मिले थे और वे दूसरे स्थान पर रही थीं। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए जन सुराज पार्टी ने प्रशांत किशोर को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एनडीए की ओर से भी इस सीट पर जल्द ही उम्मीदवार के नाम घोषित किये जाने की संभावना है।

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बांकीपुर विधानसभा उप–चुनाव में एनडीए की जीत का दावा किया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि उप–चुनाव में एनडीए का किसी भी दल से मुकाबला नहीं है।

———बाइट———

इधर, भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने दावा किया कि बांकीपुर सीट पर एनडीए उम्मीदवार को ही जीत मिलेगी।

———बाइट———

---

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की पटना में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में डॉ. अनिल कुमार को एक बार फिर सर्वसम्मति से पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान तेज करने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

---

राज्य सरकार ने सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर से सालाना बारह सौ रुपये कर वसूली के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायती राज मंत्रियों की कार्यशाला में उन्होंने बिहार जैसे राज्यों के लिए इस व्यवस्था में शिथिलता बरतने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड ने भी इस व्यवस्था पर असहमति जताई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में मंत्री ने कहा कि यदि यह व्यवस्था लागू होती है, तो राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि आम लोगों पर इसका आर्थिक बोझ न्यूनतम रहे।

———बाइट———

---

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारी आंदोलन सुधारों, डिजिटलीकरण और पेशेवर प्रबंधन के माध्यम से विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की नौ प्रमुख सहकारी समिति बनाई गई हैं।

———बाइट———

सहकारिता मंत्रालय के इनिशिएटिव से कुल नौ राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली सहकारी समिति बनाकर देश से लेकर ग्राम तक के इन नौ क्षेत्र में सहकारिता मंत्रालय को एक माला में पिरोने का काम हमने किया है।

---

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के जरिये नकद निकासी के नियमों में बदलाव किया है। एक रिपोर्ट...

———बाइट———

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा किए गए इस बदलाव के तहत आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से होने वाले उच्च मूल्य के नकद लेनदेन को अधिक सुरक्षित बनाने पर जोर दिया गया है। अब ₹5,000 या उससे अधिक की निकासी करने पर केवल बायोमेट्रिक सत्यापन पर्याप्त नहीं होगा, इसके साथ आधार से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी का सत्यापन भी अनिवार्य कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य आधार आधारित भुगतान प्रणाली में सुरक्षा को मजबूत करना और धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम करना है। समाचार कक्ष से सत्यम कुमार।

———————————————————————————

मानसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चार दिनों तक राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। विभाग ने कल कटिहार और किशनगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश जबकि बांका, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर में सबसे अधिक सैंतालीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

———————————————————————————

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज एक सौ पच्चीसवीं जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें साहस, राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा का शाश्वत प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने एक आलेख में कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन अखंड भारत के लिये उनकी अटल प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि

देते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना को नई दिशा देने वाला राष्ट्रनायक बताया है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह बेगूसराय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और सांसद रविशंकर प्रसाद समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट–यूजी परीक्षा की फीस वापसी के लिए बैंक खाता विवरण अपडेट करने की समय सीमा कल तक बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, एनटीए ने सूचित किया कि जिन उम्मीदवारों ने अपने बैंक खाता विवरण की पुष्टि कर दी है, उनके लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

---

जहानाबाद जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय के अनुसार पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे तक ही करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सभी प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी प्रभावी होगा।

---

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के भिड़हा मोड़ के पास एक ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि दस अन्य घायल हो गये। वहीं, भोजपुर जिले के बिहिया–बिहटा स्टेट हाइवे पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक की मृत्यु हो गई। दूसरी तरफ, दरभंगा जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मोटसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

---

मुजफ्फरपुर जिले के पियर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव में पुलिस टीम को बंधक बनाये जाने के मामले में आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चौवन नामजद समेत कई अज्ञात लागों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है।

---

अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच तीन सौ सत्ताईस ई पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक कार से भारी मात्रा मे शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

शिवहर जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के नया टोला में आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में तीन महिला समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

---

किशनगंज पुलिस ने विशनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी और एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

---

एसएसबी इक्कीसवीं वाहिनी बगहा का चौबीसवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

कैमूर जिले के सभी एक सौ इक्यावन पैक्सों में आज आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में समितियों ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का लेखा–जोखा पेश किया।

---

01. प्रदेश में अब हर महीने के दूसरे मंगलवार को पटना में लगेगा राज्य स्तरीय सहयोग शिविर। चौदह जुलाई से होगी शुरुआत।

02. पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू। राजद ने रेखा गुप्ता को बनाया उम्मीदवार।

03. राज्य सरकार ने सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर से सालाना बारह सौ रुपये कर वसूली के प्रस्ताव पर जताई आपत्ति।

04. और, मौसम विभाग ने कल कटिहार, किशनगंज बांका, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त